संख्या-1/2015/जी-2-23/दस-2015-301/85 टी0सी0

प्रेषक,

राहुल भटनागर,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश ।

विषय:- **दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के पारिश्रमिक में वृद्धि ।**

वित्त(सामान्य)अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक : 16 फरवरी, 2015

महोदय,

दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के पारिश्रमिक में वृद्धि विषयक कार्यालय ज्ञाप संख्या जी-2-701/दस-2010-301/85 टी0सी0, दिनांक 26 अगस्त,2010 द्वारा दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के पारिश्रमिक की दरें समूह 'ग' कर्मचारियों के लिये रू0 64.00 से बढाकर रू0 140.00 प्रतिदिन तथा समूह 'घ' कर्मचारियों के लिये रू0 57.00 से बढाकर रू0 120.00 प्रतिदिन किये जाने के आदेश निर्गत किये गये थे । उक्त कार्यालय ज्ञाप दिनांक 26 अगस्त, 2010 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय वर्तमान में कार्यरत सभी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की वर्तमान पारिश्रमिक की दरों में (वर्तमान महंगाई के परिप्रेक्ष्य में) वृद्धि करते हुए समूह 'ग' कर्मचारियों के लिए रू0 200.00 प्रतिदिन तथा समूह 'घ' कर्मचारियों के लिए रू0 170.00 प्रतिदिन करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उक्त बढी हुई दरें इस आदेश के निर्गत होने की तिथि से प्रभावी होंगी ।

भवदीय,
राहुल भटनागर
प्रमुख सचिव

संख्या-1/2015/जी-2-23(1)/दस-2015-301/85 टी0सी0, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- महालेखाकार प्रथम, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद ।
2- विधान सभा एवं विधान परिषद सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
3- सचिव, राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश ।
4- सचिवालय के समस्त अनुभाग ।
5- प्रभारी, निकनेट सेल, वित्त विभाग, उ0प्र0 सचिवालय, लखनऊ ।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
बी0के0सिंह
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in